卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक


# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 87 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦2 जनवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

## हादसे में भाजपा नेता की मौत

### रुड़की-धनौरी मार्ग पर पेड़ से टकराई बेकाबू कार

रुड़की (उद संवाददाता)। हरिद्वार जिले के रुड़की में 1 जनवरी की देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष अमित सैनी की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, अमित सैनी अपनी कार से रुड़की से धनौरी की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह रुड़की-धनौरी मार्ग पर दो सड़कें मिलने वाले स्थान पर पहुंचे, उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और मौके पर



ही उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पिरान कलियर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रुड़की के सिविल अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हादसा अचानक हुआ और कार सड़क के किनारे से मुड़ते समय नियंत्रण खो बैठी। कुछ लोगों ने बताया कि टक्कर इतनी तेज थी कि कार के टुकड़े चारों ओर बिखर गए। स्थानीय लोगों ने घटनास्थल (शेष पृष्ठ 7 पर)

## अंकिता हत्याकाण्ड मामले में सबूत लाओ सरकार हर जांच के लिए तैयारः सुबोध

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में तीन साल पहले वनंत्रा रिजॉर्ट में हुई रिसेप्शनिस्ट अंकिता भंडारी हत्याकांड फिर से चर्चा में है। 18 सितंबर, 2022 को हुए इस हादसे में अंकिता की हत्या कर उसका शव चीला शक्ति नहर में फेंक दिया गया था। मामले में पहले ही तीन आरोपियों को उम्रकैद की सजा मिल चुकी है। लेकिन उस दिन रिजॉर्ट में मौजूद वीआईपी के नाम को लेकर सवाल हमेशा बने रहे। इस



बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता पर सवाल उठने के बाद आज राज्य के मंत्री सुबोध उनियाल ने पत्रकारवार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर कोई ठोस सबूत लेकर आए तो सरकार हर जांच के लिए तैयार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एसआईटी की जांच को पहले ही सत्र न्यायालय, हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने सही ठहराया है। मंत्री ने यह भी कहा कि कोर्ट ने स्वयं माना था कि इस मामले में सीबीआई जांच की जरूरत नहीं है। मामला फिर से तब सुर्खियों में आया जब एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। यह वीडियो पूर्व विधायक की कथित पत्नी ने जारी किया था। इस (शेष पृष्ठ सात पर)

## खनन माफिया का राजस्व विभाग की टीम पर हमला, ट्रैक्टर छुड़ाया

शक्तिफार्म। शक्तिफार्म क्षेत्र में अवैध खनन माफिया का हौसला इस कदर बढ़ चुका है कि वे अब सरकारी टीमों को भी खुली चुनौती देने लगे हैं। बुधवार को निर्मल नगर में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब बिना कागजात मिट्टी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ने पहुंची राजस्व टीम पर खनन माफियाओं ने बलपूर्वक हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार, तहसीलदार हिमांशु जोशी के निर्देश पर राजस्व उप निरीक्षक दीपक महर, त्रिलोचन सुयाल और पंकज चंद की टीम ने 31 दिसंबर को निर्मल नगर में संदिग्ध ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका। जांच के दौरान चालक कोई वैध खनन दस्तावेज नहीं प्रस्तुत कर सका, और वाहन पर नंबर प्लेट भी नहीं लगी थी। इसी दौरान लगभग 10 से 15 दबंग मौके पर पहुंचे और राजस्व टीम को घेरते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को जबरन छुड़ा लिया। दबंगों ने मिट्टी को सड़क पर पलट दिया और बड़े धड़ल्ले से मौके से फरार हो गए। इससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया।राजस्व टीम ने पूरे घटनाक्रम की वीडियोग्राफी तैयार कर पुलिस को सौंप दी। पुलिस ने पांच अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गहन जांच शुरू कर दी है। घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर खनन माफिया (शेष पृष्ठ सात पर)

## सीएम ने वर्चुअल किया राजा जगत देव की मूर्ति का अनावरण

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के प्रसिद्ध डल बाबा मंदिर परिसर में वीर





शिरोमणि राजा जगत देव जी की भव्य मूर्ति का मुख्यमंत्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से अनावरण किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर श्रद्धा, उत्साह और जनसमर्थन का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं समाज के लोग उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राजा जगत देव जी का जीवन, त्याग और बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि राजा जगत देव की गौरवशाली कथा केवल जनश्रुतियों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि किताबों में भी उनका समुचित वर्णन होना चाहिए, ताकि देश और समाज उनके शौर्य से परिचित हो सके। मुख्यमंत्री ने मंच से समाज के लोगों को संबोधित करते हुए (शेष पृष्ठ सात पर)

## मेडिकल कॉलेज के लिए 651 करोड़ स्वीकृत

किच्छा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा पंडित राम सुमेर शुक्ल स्मृति राजकीय मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए 651 करोड़ रुपए स्वीकृत करने और किच्छाखुरनगला मार्ग के किलोमीटर 5 से आदित्य चौक, किच्छा होते हुए एनएच तक फोरलेन चौड़ीकरण के लिए 80.63 करोड़ रुपए जारी करने पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने आभार व्यक्त किया। राजेश शुक्ला ने बताया कि रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज पिछले 20 वर्षों से अधूरे पड़े थे। किच्छा से विधायक बनने के बाद उन्होंने इस अधूरे मेडिकल कॉलेज को पूरा करने की जिम्मेदारी उठाई। 2019 में तत्कालीन



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री अश्वनी चौबे को निरीक्षण कराकर 345 करोड़ रुपए भारत सरकार से जारी कराए गए थे। कोरोना काल के कारण दो साल निर्माण रुके रहने से लागत बढ़ गई थी, जिसके बाद विभाग ने 651 करोड़ रुपए की मांग की थी। 4 दिसंबर 2025 को पंडित राम सुमेर शुक्ल स्मृति समारोह में मुख्यमंत्री धामी को इस राशि जारी करने की मांग की गई, जिसे आज स्वीकृत कर दिया गया। शुक्ला ने कहा कि मेडिकल कॉलेज को 100 सीटें भी मिली हैं, और अगले सत्र से चिकित्सकों की शिक्षा शुरू हो जाएगी। सड़क परियोजना पर उन्होंने बताया कि नगला से किच्छा की ओर 8 किलोमीटर सड़क को फोरलेन करने के लिए 80.63 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। सड़क के निर्माण में नगला की भूमि के विवाद के कारण पहले चरण का प्रस्ताव (शेष पृष्ठ सात पर)

## मूर्ति खंडित करने वालों की गिरफ्तारी के लिए प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।गदरपुर में बुक्सा जनजाति के आराध्य श्रद्धेय राजा जगत देव सिंह की प्रतिमा खंडित किए जाने के मामले ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। शुक्रवार को भाजपा विधायक अरविंद पांडेय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग एसएसपी कार्यालय पहुंचे और इस गंभीर मामले में कार्रवाई की मांग की। विधायक पांडेय ने एसएसपी की गैर मौजूदगी में एसपी क्राइम निहारिका तोमर से मुलाकात की और प्रतिमा को



क्षतिग्रस्त करने वालों पर सख्त कार्रवाई की आवश्यकता जताई। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट की प्रतिमा को लगभग दस माह पहले अज्ञात अराजक तत्वों ने रात के अंधेरे में क्षतिग्रस्त कर दिया था, लेकिन अब तक इस मामले का खुलासा नहीं हो सका है। उन्होंने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। विधायक पांडेय ने कहा कि राजा जगत देव सिंह बुक्सा जनजाति के आस्था के केंद्र हैं और उनकी प्रतिमा को खंडित करना न केवल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य है, बल्कि यह सामाजिक सौहार्द को भी प्रभावित करने का प्रयास है। उन्होंने एसपी क्राइम को ज्ञापन सौंपा। विधायक ने प्रदेश के मुख्यमंत्री (शेष पृष्ठ 7 पर)

## अंकिता हत्याकांडः क्या अब सीएम धामी चलेंगे 'मास्टर स्ट्रोक'

### दबाव में नहीं बल्कि जनभावनाओं के अनुरूप हर कदम उठाने को तैयार मुख्यमंत्री धामी

-शिवाय-

देहरादून। अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर कांग्रेस सड़कों पर है और विपक्ष के नेताओं ने इस मुद्दे को लेकर प्रदेश का राजनीतिक माहौल गरमा रखा हैं। कांग्रेस पूर्व विधायक सुरेश राठौर और उनकी पत्नी, टीवी कलाकार उर्मिला सनावर के कथित ऑडियो वार्तालाप को आधार बनाते हुए अंकिता हत्याकांड में कथित वीआईपी की भूमिका की जांच और उसे सजा दिलाने की मांग कर रही है। वर्ष 2027 की शुरुआत में उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं और कांग्रेस इस मुद्दे के सहारे जनता के बीच अपनी पकड़ मजबूत करना चाह रही है। इससे पूर्व भी कांग्रेस ने कई मुद्दे को लेकर सरकार को घेरने का प्रयास किया लेकिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व क्षमता के आगे कांग्रेस कामयाब होती नही दिखी। लेकिन लंबे समय से आंतरिक गुटबाजी से जूझ रही कांग्रेस अंकिता हत्याकाण्ड के मुद्दे पर अपने अंतर्विरोधों को दरकिनार कर एकजुट होकर सरकार पर हमलावर है। हालांकि, पति-पत्नी के कथित वार्तालाप में कई विरोधाभास सामने आ रहे हैं, जिनका न्यायालय में



टिक पाना बहुत मुश्किल है। सोशल मीडिया पर सामने आये ऑडियो में पूर्व विधायक नशे में प्रतीक हो रहे है जिसके चलते वार्तालाप की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। साफ है कि निजी विवाद के चलते उर्मिला सनावर ने अपने पति से जुड़े वार्तालाप सार्वजनिक किए। जिसके सहारे कांग्रेस ने अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की गंभीरता को चुप्पी बताते हुए उस पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। हालांकि, विपक्ष यह भूल रहा है कि मुख्यमंत्री धामी जितने गंभीर स्वभाव के हैं, उतने ही दृढ़ निर्णय लेने वाले भी हैं। यदि उर्मिला की नीयत वास्तव में न्याय दिलाने की होती, तो उन्हें सबसे पहले जांच एजेंसियों या न्यायालय का रुख करना चाहिए था। वहां से निराशा मिलने पर सार्वजनिक कदम उठाना अधिक तार्किक और स्वीकार्य होता। पूरे मामले को लेकर प्रदेश की राजनीति तो गरमा चुकी है लेकिन अभी तक ऐसा कोई भी सबूत जांच टीम तक नही पहुंचा जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई शुरू हो सके। जहां तक अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच का प्रश्न है, तो इसमें कोई संदेह नहीं कि आवश्यकता पड़ने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस दिशा में कोई भी निर्णय लेने में पीछे हटने वाले नही हैं। भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष से लेकर मुख्यमंत्री पद तक की उनकी कार्यशैली यह स्पष्ट करती (शेष पृष्ठ सात पर)

# झगड़ा करते पांच लोग गिरफ्तार


रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प कोतवाली क्षेत्र में किसी बात को लेकर आपस में झगड़ा कर पांच लोगों को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मोहन चन्द्र पाण्डे के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा शान्ति व्यवस्था प्रभावित करने पर 5 व्यक्तियो को गिरफ्तार किया गया। शिमला बहादुर चौक के पास किसी बात को लेकर



आपस में झगड़ा कर शांति व्यवस्था प्रभावित करने पर आदित्य पांडे पुत्र पवन पांडे निवासी फुलसुंगा, अनूप पुत्र वेद प्रकाश निवासी वार्ड न0 8 विवेकनगर,राजन यादव पुत्र स्वामीनाथ यादव निवासी घास मंडी आदर्श कॉलोनी, पंकज रौतेला पुत्र नंदन रौतेला निवासी वार्ड न0 14 भदईपुरा तथा विशाल गंगवार पुत्र रोहिताश निवासी वार्ड न0 14 भदईपुरा को गिरफ्तार किया गया अभियुक्त गणो को न्यायालय मे पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप खनिरीक्षक अकरम अहमद, कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार व दिनेश ध्यानी शामिल थे।

# कड़ाके की ठण्ड में एसएसपी ने पढ़ाया अनुशासन का पाठ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के ऊधमसिंहनगर जिले में पुलिस बल की तत्परता और अनुशासन की मिसाल फिर से देखने को मिली। शुक्रवार, 02 जनवरी 2026 को रिजर्व पुलिस लाइन रुद्रपुर स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित साप्ताहिक परेड में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रतिकूल मौसम और कड़ाके की ठंड को चुनौती देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा स्वयं उपस्थित रहे और उन्होंने परेड के प्रत्येक चरण का बारीकी से निरीक्षण किया। परेड में जिले के विभिन्न थानों, फायर स्टेशन और शाखाओं से आए पुलिस अधिकारियों और कर्मियों की ड्रिल, शारीरिक दक्षता, शस्त्राभ्यास और शस्त्रों के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग की गतिविधियों का व्यवहारिक मूल्यांकन किया गया। टीमों को अलग-अलग टोलियों में विभाजित कर सघन अभ्यास कराया गया, जिससे अनुशासन, समन्वय और कार्यक्षमता का सूक्ष्म आकलन किया जा सके। परेड के बाद एसएसपी ने पुलिस लाइन की सभी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। इसमें पुलिस लाइन के भोजनालय, विभिन्न शाखाएँ, गार्ड कक्ष, आदेश कक्ष सहित सभी अभिलेख और रिकार्ड शामिल थे। उन्होंने गार्ड और सुरक्षा ड्यूटी, मुल्जिम कमान ड्यूटी एवं अन्य महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों के संबंध में गार्ड कमांडरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एस एसपी मणिकांत मिश्रा ने समस्त थाना प्रभारियों और अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने थाना परिसरों में नियमित रूप से व्यायाम, योगाभ्यास और फिटनेस गतिविधियाँ अपनाएं, ताकि पुलिस बल शारीरिक और मानसिक रूप से सदैव सक्षम रहे। उन्होंने विशेष रूप से बढ़ती ठंड और प्रतिकूल मौसम को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा पर ध्यान देने और सतर्कता के साथ कर्तव्य निभाने पर जोर दिया। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने परेड में उपस्थित सभी कर्मियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहना और प्रोत्साहन भी दिया।





# लखपति दीदियों की सफलता को समर्पित नववर्ष कैलेंडर का लोकार्पण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जनपद की लखपति दीदियों की आत्मनिर्भरता और उद्यमशीलता को दर्शाने वाले 'लखपति दीदी नववर्ष कैलेंडरख्2026' का लोकार्पण जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल द्वारा कैंप कार्यालय, हल्द्वानी में किया गया। यह कैलेंडर स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं द्वारा संचालित विभिन्न आजीविका गतिविधियों का प्रेरणादायी संकलन है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है।लोकार्पण अवसर पर जिलाधिकारी ने लखपति दीदियों से संवाद करते हुए उनकी आजीविका गतिविधियों, उत्पादन कार्यों और आय से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी योजना ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम बनकर उभरी है, जिससे महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर हो रही हैं बल्कि समाज में अपनी अलग पहचान भी स्थापित कर रही हैं।इस अवसर पर स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने नववर्ष की शुभकामनाएं भी साझा कीं। लखपति दीदी नववर्ष कैलेंडर-2026 में महिलाओं द्वारा किए जा रहे बेकरी कार्य, सिल्क कोकून उत्पादन, रिंगाल से टोकरी निर्माण, कैंडल निर्माण, वूलन टॉयज, स्मृति चिन्ह निर्माण सहित अन्य स्वरोजगार गतिविधियों को दर्शाया गया है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में अहम भूमिका निभा रही हैं।कार्यक्रम में अपर परियोजना निदेशक, जिला प्रशिक्षण एवं उद्यमिता विभाग के अधिकारी, ब्लॉक मिशन मैनेजर हल्द्वानी, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं तथा अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। इस पहल को आत्मनिर्भर भारत और आत्म निर्भर उत्तराखंड की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया, जो ग्रामीण महिलाओं को प्रेरित करने के साथ-साथ उनके आर्थिक सशक्तिकरण को नई गति देगा।



# पिता पर नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

शक्तिफार्म (उद संवाददाता) शक्तिफार्म नगर में एक बार फिर रिश्तों की मर्यादा को तार-तार करने वाली घटना सामने आई है। आरोप है कि एक पिता ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उसका विवाह 2012 में हुआ था। उसके दो बच्चे हैं। बड़ी बेटी 11 वर्ष की है जबकि बेटा नौ वर्ष का है। महिला ने बताया कि वह साल 2023 से अपने पति से अलग रह रही है और उनके बच्चे नानी के घर रह रहे हैं। महिला ने आरोप लगाया कि करीब चार महीने पहले उसका पति उसके दोनों बच्चों को अपने घर ले गया था। 30 दिसंबर की रात उसकी बेटी ने पड़ोस में रहने वाली किसी महिला के मोबाइल से उसे फोन किया और बताया कि उसके पिता ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करने का प्रयास किया। एसपी बीएस धौनी ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच कर रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है।

# पर्यटकों की कार पिकअप से भिड़ी, एक की मौत,चार घायल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नए साल के पहले दिन की देर रात सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश से घूमने आए पर्यटकों की कार गौलापार क्षेत्र में सामने आते पिकअप गाड़ी से जा टकराई। इस दुर्घटना में कार सवार एक पर्यटक की मौत हो गई। जबकि उसके चार साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। हालत नाजुक होने पर एक को निजी अस्पताल रेफर कर दिया है। हादसे का कारण सामने से आ रही पिकअप का गलत साइड आना बताया जा रहा है। कार सवार सभी युवक आपस में दोस्त हैं। जिनका राइस मिल का काम है। पुलिस के मुताबिक रिछा, बहेड़ी जिला बरेली उत्तर प्रदेश निवासी 25 वर्षीय रिजवान पुत्र इस्लाम के साथ उसके चार अन्य साथी इसरार, मुजाहिद, सनावर और अफजल नए साल पर घूमने के लिए हल्द्वानी आए थे। सभी ने गौलापार के एक बड़े रेस्टोरेंट में खाना खाया। इसके बाद सभी लोग वापस घर की तरफ लौट रहे थे। इसी दौरान खेड़ा के पास उनकी कर सामने से गलत दिशा में आ रहे पिकअप वाहन से जा टकराई। हादसा इतना भयावह था कि पिकअप की टक्कर से पर्यटकों की कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सड़क पर गाड़ी के पार्ट्स बिखर गए। हादसे में रिजवान समेत पांचों पर्यटक बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां रिजवान को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य की हालत भी नाजुक बनी है। हादसे के बाद पिकअप चालक फरार हो गया। एसओ काठगोदाम विमल मिश्रा ने बताया कि फरार पिकअप चालक की तलाश की जा रही है। एक घायल को निजी अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर मृतक रिजवान सहित सभी घायलों के परिजन भी आ गए। पुलिस ने रिजवान का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

# जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

नानकमत्ता,पंचायती राज विभाग के सौजन्य से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत






अल्मोड़ा की दर्पण समिति द्वारा कल्याणपुर पूरनगढ़ में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राथमिक विद्यालय पूरनगढ़ में आयोजित कार्यक्रम के पहले दिन 82 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत दर्पण समिति की सचिव विभु कृष्णा द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के जनजातीय उत्थान के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2024 को झारखंड से प्रारंभ किया था। इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय बहुल गांवों में बुनियादी सुविधाओं, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका से जुड़े अंतर को समाप्त करना है। यह अभियान भगवान बिरसा मुंडा को समर्पित है और देशभर के 63 हजार से अधिक गांवों को इसके अंतर्गत शामिल किया जाएगा। उन्होंने समुदाय से प्रशिक्षण कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम प्रधान पुरुषोत्तम और दर्पण समिति की सचिव विभु कृष्णा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न विकासपरक योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे वे योजनाओं का लाभ लेकर अपने गांव के समग्र विकास में योगदान दे सकें। कार्यक्रम में आंचल डेयरी के सदस्य, ग्राम प्रधान पुरुषोत्तम, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी रुचि सहित अन्य ग्रामीण वसंबंधित लोग थे।




# संदिग्ध हालातों में ट्रांजिट कैम्प से किशोरी लापता

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र से एक 17 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। किशोरी की मां ने कोतवाली में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराए जाने की मांग की है, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवनगर, ट्रांजिट कैम्प निवासी गीता देवी पत्नी हरे राम शर्मा ने पुलिस को बताया कि 20 नवंबर 2025 को वह और उनके पति कंपनी में ड्यूटी पर गए हुए थे, जबकि उनके तीन बच्चे स्कूल गए थे। उस समय उनकी 17 वर्षीय पुत्री दिव्यांशी घर पर अकेली थी। शाम करीब पांच बजे जब वह घर लौटीं तो उन्होंने पाया कि उनकी पुत्री घर पर मौजूद नहीं है और बिना किसी को बताए कहीं चली गई है। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री की संभावित सभी जगहों और रिश्तेदारी में तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार किशोरी की तलाश के लिए आसपास के क्षेत्रों में छानबीन की जा रही है और संभावित स्थानों पर पूछताछ की जा रही है।

# स्थानांतरण विरोध भारी पड़ा, वरिष्ठ सहायक को विभागीय दंड

नैनीताल।स्थानांतरण आदेश के विरोध में सार्वजनिक मंच से शासकीय निर्णय की आलोचना करना, कार्यालय परिसर में उग्र प्रदर्शन और नारेबाजी करना तथा शासकीय कार्यवृत्त में दुराशयपूर्वक छेड़छाड़ करना राजस्व विभाग में तैनात वरिष्ठ सहायक विजय सिंह गैड़ा को महंगा पड़ा।जांच अधिकारी की रिपोर्ट में आरोपों की पुष्टि होने के बाद उत्तराखंड सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली के अनुसार विभागीय कार्रवाई की गई। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि जांच में यह भी पाया गया कि संबंधित कार्मिक ने सेवा संबंधी मामलों में बाह्य दबाव बनाने का प्रयास किया, जो एक लोक सेवक से अपेक्षित आचरण के विपरीत है।इन कृत्यों को गंभीर अनुशासनहीनता माना गया। इसके तहत विजय सिंह गैड़ा की भर्त्सना की गई और उनकी दो वार्षिक वेतन वृद्धियां दो वर्षों के लिए रोके जाने का आदेश पारित किया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासकीय कर्मचारियों से अनुशासन, मर्यादा और नियमों के पालन की अपेक्षा की जाती है और इस प्रकार के आचरण को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# श्री हरिधाम मंदिर का वार्षिकोत्सव 14 से

## तीन दिवसीय आयोजन में पाठ, कीर्तन, दरबार और विशाल भंडारे का होगा आयोजन



रूद्रपुर।श्री मेहंदीपुर बालाजी महाराज से संबद्ध श्री हरिधाम मंदिर का पंद्रहवां वार्षिकोत्सव 14, 15 और 16 जनवरी को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। वार्षिकोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और बाबा प्रेमियों को आमंत्रण पत्र वितरित किए जा रहे हैं। नववर्ष के अवसर पर मंदिर में आयोजित दरबार के दौरान मंदिर के महंत मनीष सलूजा ने तीन दिवसीय कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 6 दिसंबर से चालीसा व्रत प्रारंभ हो चुके हैं तथा प्रतिदिन श्री हरिधाम मंदिर में सुंदरकांड पाठ किया जा रहा है, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। 14 जनवरी, मंगलवार को प्रातः 7 बजे बालाजी महाराज का दिव्य स्वर्ण श्रृंगार किया जाएगा। इसके उपरांत प्रातः 8 बजे से अखंड रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ होगा। सुबह 9 बजे से रामचरितमानस के पंचम सोपान सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। दोपहर 12 बजे महिला संकीर्तन तथा रात्रि 8 बजे से सुप्रसिद्ध महंतों द्वारा माता भगवती की पावन चौकी का आयोजन होगा। 15 जनवरी, बुधवार को प्रातः 8 बजे अखंड रामचरितमानस पाठ का पारायण किया जाएगा। सुबह 9 बजे चालीसा पारायण यज्ञ प्रारंभ होगा तथा प्रातः 10 बजे रुद्राभिषेक संपन्न किया जाएगा। रात्रि 8 बजे बालाजी महाराज का विशाल दरबार आयोजित होगा, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक शेखर जायसवाल अपने भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगे। 16 जनवरी, गुरुवार को प्रातः 9 बजे हरि संकीर्तन, प्रातः 11 बजे संत समागम एवं प्रवचन आयोजित होंगे। दोपहर 1 बजे विशाल सवामनी भंडारा और छप्पन भोग का प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया जाएगा। इसके साथ वार्षिकोत्सव संपन्न होगा। वार्षिकोत्सव के आमंत्रण पत्रों का वितरण शहर के विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा है। इसी क्रम में रूद्रपुर के मेन बाजार में कार्ड वितरण किया गया, जहां व्यापारियों और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक आमंत्रण स्वीकार किया। इस सेवा कार्य में मंदिर अध्यक्ष ओमप्रकाश सलूजा सहित विजय कक्के, दीपक कटारिया, विजय कक्कड़, अमित शर्मा, किशन मिगलानी, शिवम चावला, सौरभ गाबा, विवेक शर्मा, राजकुमार जांगड़ा, रवि कक्कड़, मनोज चावला, विभोर गाबा, अजय कुमार, साहिल आनंद, अन्नू छाबड़ा, राजेश भट्ट, मनीष श्रीवास्तव, अमित रहेजा, रिंकु लांबा, अनिल भोला आनंद, राजकुमार सहित अनेक भक्त सहयोग कर रहे हैं।

# सितारगंज के अख्तियार ने चंडीगढ़ में जीती बैडमिंटन चैंपियनशिप

सितारगंज( उद संवाददाता) ।वरिष्ठ खिलाड़ी अख्तियार अहमद पटौदी ने पंजाब के चंडीगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय बैडमिंटन चौंपियनशिप में शानदार जीत दर्ज की। इस उपलब्धि से सितारगंज क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। नगर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पटौदी का फूल मालाओं से स्वागत किया। नगर के वार्ड पांच निवासी अख्तियार पटौदी ने 28 दिसंबर को फाइनल मैच खेलकर 70 प्लस आयु वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में संपूर्ण भारत से वरिष्ठ खिलाड़ी



शामिल हुए थे। अख्तियार पटौदी इससे पहले गुजरात में दो बार राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता जीत चुके हैं। हाल ही में उन्होंने देहरादून और केरल के कोचीन में भी जीत दर्ज की थी। पंजाब चंडीगढ़ में शानदार जीत के बाद सितारगंज लौटने पर किच्छा विधानसभा के कांग्रेस प्रभारी हसनैन मलिक ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नवतेज पाल सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष हरपाल सिंह, सरताज अहमद, शाकिर अली बब्बू पठान, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दयानंद सिंह, आजम मलिक, जिला पंचायत सदस्य उत्तम आचार्य, पूर्व प्रधान मुगनी अहमद, मुख्तियार अंसारी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# नगर पंचायत में चलाया सफाई अभियान

दिनेशपुर( उद संवाददाता)। नव वर्ष के प्रथम दिन नगर पंचायत की ओर से विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नगर के विभिन्न वार्डों में नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर तथा अधिशासी अधिकारी  मुहम्मद यामीन की अगुवाई में तमाम पर्यावरण मित्रों स्वच्छता अभियान चलाया गया। गुरुवार नगर पंचायत दिनेशपुर क्षेत्र में स्वच्छता के तहत सड़क किनारे कूड़े के ढेरों को हटाया गया तथा नालियों की तली



झाड़ सफाई की गयी। साथ ही व्यापारियों नागरिकों को कूड़ा नालो– नालियों में न डालकर कूड़ा गाड़ी में डालने को लेकर जागरूक किया गया। इसके बाद सफाई व्यवस्था को लेकर आम शहरियो से सहयोग करने की अपील की गयी। इस दौरान नगर पंचायत प्रशासन की ओर से जागरूकता रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर, अधिशासी अधिकारी मुहम्मद यामीन, केपीएस ग्रुप मैनेजर चंद्र प्रकाश तिवारी, बलवंत सिंह, रवि चौहान, मुकेश कुमार, क्लेडियस, राजेश कुमार,आदि मौजूद रहे।

# आपदा मद के प्रस्तावों को मिली मंजूरी ,कार्यों की गुणवत्ता पर जोर

## मुख्य सचिव ने फंड और भौतिक प्रगति की नियमित समीक्षा के निर्देश दिए

देहरादून। राज्य सचिवालय में गुरुवार को मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में राज्य आपदा मोचन निधि और राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के अंतर्गत प्राप्त प्रस्तावों के अनुमोदन को लेकर राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करते हुए समिति ने उन्हें संस्तुति प्रदान की।मुख्य सचिव ने कहा कि स्वीकृत कार्यों की गुणवत्ता और भौतिक प्रगति की लगातार समीक्षा की जानी चाहिए। उन्होंने आपदा प्रबंधन विभाग को निर्देश दिए कि स्वीकृत प्रस्तावों के अंतर्गत जारी होने वाले धन और कार्यों की प्रगति पर नियमित निगरानी रखी जाए। विभागों से निर्धारित प्रारूप में मासिक भौतिक प्रगति रिपोर्ट प्राप्त करने के भी निर्देश दिए गए।सिंचाई विभाग को



निर्देशित किया गया कि विभागाध्यक्ष की अध्यक्षता में गठित नियोजन की इंजीनियर्स समिति को सक्रिय किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि किसी भी प्रस्ताव को भेजने से पहले समिति द्वारा तकनीकी और वित्तीय पहलुओं की जांच अनिवार्य रूप से की जाए, ताकि बाद में किसी प्रकार की दिक्कत न आए।बैठक के दौरान सचिव आपदा को निर्देश दिए गए कि लोनिवि के इंजीनियर–इन–चीफ को राज्य कार्यकारिणी समिति का स्थायी सदस्य बनाया जाए। इसके साथ ही बाढ़ सुरक्षा कार्यों के लिए स्पष्ट मानक तय करने के निर्देश भी दिए गए। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रत्येक कार्य की आवश्यकता स्थल की स्थिति और प्रकृति के अनुसार अलग–अलग हो सकती है, इसलिए उसी अनुरूप कार्य किया जाना चाहिए। जहां संभव हो, वहां वेजिटेटिव प्रोटेक्शन कार्यों को प्राथमिकता देने पर भी बल दिया गया।मुख्य सचिव ने सिंचाई विभाग के विभागाध्यक्ष को देहरादून जनपद के अंतर्गत विभिन्न कैनाल सिस्टम को दुरुस्त करने के निर्देश देते हुए नहरों के सुधारीकरण और मजबूतीकरण से संबंधित प्रस्ताव तैयार करने को कहा। बैठक में प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव वी. षणमुगम, विनोद कुमार सुमन,आनन्द स्वरूप, अपर सचिव रंजना राजगुरु सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित जनपदों के जिलाधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

# 31वीं वाहिनी के सेवानिवृत्त कर्मियों को दी विदाई

रुद्रपुर । 31वीं वाहिनी पीएसी में सेनानायक यशवंत सिंह चौहान के निर्देशन में वाहिनी से सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मियों के लिए एक विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों ने अपने लम्बे सेवाकाल के दौरान के कुछ अविस्मरणीय अनुभव साझा किए। जिनमें उन्होंने अपने सुखद और चुनौतीपूर्ण पलों को सबके सामने रखा। इस भावपूर्ण पल के उपरांत, सेनानायक ने सेवानिवृत कर्मी विशंभर दत्त कांडपाल (अपर प्लाटून कमांडर), दिनेश चंद्र पंत (अपर प्लाटून कमांडर), सुरेश राम (हेड कांस्टेबल) को उनकी उत्कृष्ट एवं समर्पित सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और विशेष उपहार भेंट कर सम्मानित किया।सेनानायक यशवंत सिंह चौहान ने उनके उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाल सेवानिवृत्त जीवन की मंगल



कामना की। अपने संबोधन में उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों को विशेष रूप से आश्वस्त करते हुए कहा कि ष्भविष्य में यदि उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या या सहायता की आवश्यकता होती है, तो वाहिनी परिवार हमेशा उनके साथ मजबूती से खड़ा है।ष्सेवानिवृत्ति केवल राजकीय सेवा का अंत है,विभाग से उनका पारिवारिक जुड़ाव सदैव बना रहेगा। इस विदाई समारोह में शिविरपाल राकेश माहरा, आरआई (आरटीसी/केंद्रीय आयुध भंडार) भूपेश पाण्डेय , दलनायक दयाचंद रजवार, दलनायक जहीर अहमद, दलनायक हीरा सिंह जलाल, दलनायक श्रीमती राधा थापा एवं सूबेदार सैन्य सहायक खुर्शीद अली, एसक्यूएम उमेश कुमार सोनकर एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# भाकियू ने की पारित प्रस्तावों के निस्तारण की मांग

गदरपुर। भारतीय किसान यूनियन की ब्लॉक स्तरीय मासिक बैठक में विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए । नवीन अनाज मंडी सभागार में बैठक की अध्यक्षता सरदार गुरमीत सिंह द्वारा की गई । भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह मक्कड़ ने नव वर्ष की शुभकामनाएं देने के उपरांत पारित किए गए प्रस्तावों की जानकारी दी । उन्होंने बताया कि



देश के समस्त किसानों से सहकारी व सरकारी धान क्रय केदो द्वारा क्रय किए गए धान का भुगतान किसानों को शीघ्र किए जाने, आवारा पशुओं से रोजाना मार्ग दुर्घटनाएं हो रही है तथा फसलों की भी क्षति हो रही है इस गंभीर समस्याओं का तत्काल समाधान किए जाने ,वर्ग चार व वर्ग 5 व अन्य सभी वर्गों की भूमि पर काबिज किसानों को पूर्व की भांति नजराना लेकर भूमि धरी अधिकार दिए जाने तथा कृषि भूमि का बंदोबस्त विभाग द्वारा जो बंदोबस्त किया गया था उसमें मार्ग व नालियों को न दर्शाकर बची भूमि को वर्ग 5 में दर्ज किया गया है जो कि सरासर गलत है भारतीय किसान यूनियन इसका पुरजोर विरोध करती है, आदि प्रस्ताव पारित किए गए । इस मौके पर विनोद कुमार ,अशोक कुमार सेठी, विरेंदर सिंह,सुरेंद्र सिंह ,प्रीत सिंह हरभजन सिंह, गुरनवीर सिंह, लुकमान अली, अशोक कुमार सहित अन्य किसान मौजूद रहे।




# वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम में नववर्ष पर सजी माता की चौकी

रूद्रपुर( उद संवाददाता) ।वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम (वैष्णो देवी मंदिर) में ब्रह्मलीन वैष्णवी शक्ति पीठाधीश्वरी मां हंसेश्वरी भारती जी महाराज के स्मरण में और अंग्रेजी नववर्ष 2026 के उपलक्ष्य में दिव्य श्रृंगार आरती और माता की चौकी का भव्य आयोजन किया गया।इस अवसर पर वैष्णो भजन मंडल के भक्तों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति और उत्साह के माहौल में रंगा। सुंदर भजनों की प्रस्तुति ने भक्तों को भावविभोर कर दिया। प्रस्तुत भजनों में "नई सदी की खुशियां पाने आए हैं, मैया तेरे घर दीवाने आए हैं", "तू तो स्वर्ग फार्म वाली कहलाई, तूने अद्भुत





लीला दिखाई", "बेअंत माया तेरी, यह मंदिर मेरी मां का आई" और "राधा रानी कृपा कीजिए, तेरा भवन बड़ा रंगीला माता रानिये" शामिल थे। भक्तों ने भजनों पर नृत्य करते हुए माता की आराधना की।आरती के उपरांत उपस्थित भक्तों ने लंगर का प्रसाद ग्रहण किया और पूज्यनीय गुरु महाराज हंसेश्वरी देवी जी का धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर महंत श्याम खुराना, सतनाम सिंह, हरीश घई, नरेश घई, राजेश आनंद, राजीव ग्रोवर, लक्ष्य शर्मा, जीतू अरोड़ा, कपिल, सन्नी, रजत मिश्र, जिगर गुंबर, गौरव गुंबर, अंकित, कमल, हरीश अरोरा, अरविंद मिश्रा, कंचन, सुनीता अरोड़ा, सीमा शर्मा, प्रीति ग्रोवर, निशा, मन्नू, गगन, जया आनंद सहित समस्त भक्तजन उपस्थित थे।


समस्त क्षेत्रवासियों को
नववर्ष
2026
की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विकास शर्मा
महापौर
नगर निगम रूद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)

# उत्तराखंड परिवहन निगम के बेड़े में 100 नई बसें शामिल

## मुख्यमंत्री ने कैम्प कार्यालय से किया फ्लैग ऑफ, परिवहन निगम की स्मारिका का विमोचन भी किया

देहरादून (उद संवाददाता)।नववर्ष के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड परिवहन निगम के बेड़े में 100 नई बसें शामिल की गई है। मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय से पसे फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 10 ए.सी. एवं 2 स्लीपर अनुबंधित बसों को भी जनता को समर्पित किया। साथ ही उन्होंने परिवहन निगम की स्मारिका "अनवरत" एवं सड़क सुरक्षा पर आधारित कैलेंडर का विमोचन किया तथा कठिन परिस्थितियों में कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने वाले कर्मठ कर्मचारियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित ये नई बसें राज्य के सार्वजनिक परिवहन तंत्र को सशक्त बनाएंगी। इससे यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और किफायती यात्रा सुविधा मिलेगी तथा राज्य की आर्थिक, सामाजिक और पर्यटन गतिविधियों को भी नई गति प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि दुर्गम और पर्वतीय भौगोलिक परिस्थितियों वाले उत्तराखंड में एक सुदृढ़ परिवहन व्यवस्था नागरिक सुविधा के साथ- साथ आर्थिक विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार परिवहन निगम को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। अब तक 13 से अधिक नए बस अड्डों और कार्यशालाओं का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है, जबकि 14 अन्य स्थानों पर कार्य प्रगति पर है, जिनमें 4 आईएसबीटी भी शामिल हैं। शीघ्र ही निगम के बेड़े में इलेक्ट्रिक बसों को भी सम्मिलित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निगम की बसों में जीपीएस, सीसीटीवी कैमरे, ई-टिकटिंग, फ्लीट मॉनिटरिंग एवं समयबद्ध मेंटेनेंस जैसी आधुनिक सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, जिससे यात्रियों के साथ-साथ कर्मचारियों की सुरक्षा भी सुदृढ़ होगी। सरकार ने निगम कर्मियों के हितों को ध्यान में रखते हुए डीए वृद्धि, सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों का क्रियान्वयन एवं नई भर्तियों के माध्यम से मैनपावर की कमी को दूर करने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार परिवहन निगम को "सेवा का माध्यम" मानते हुए इसे आधुनिक, आत्मनिर्भर और जनोन्मुखी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। पारदर्शी नीतियों और जवाबदेही के बल पर उत्तराखंड निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजानदास, उमेश शर्मा काऊ, श्रीमती सविता कपूर, एमडी परिवहन निगम एवं अपर सचिव रीना जोशी तथा परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।








# प्रभात फेरियों में उमड़ी संगत, गुरु जस से गूंजा वातावरण

## अमृत बेला में गुरुद्वारों से निकली प्रभात फेरियों का जगह-जगह स्वागत





रूद्रपुर (उद संवाददाता)।रूद्रपुर और लालपुर क्षेत्र के विभिन्न गुरुद्वारों से अमृत बेला में गुरु जस की महिमा का वर्णन करती प्रभात फेरियों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। तड़के सुबह निकलने वाली इन प्रभात फेरियों से पूरा क्षेत्र शबद कीर्तन और गुरुवाणी से गुंजायमान हो उठा।इन्द्रा कॉलोनी स्थित माता गुजरी देवी गुरुद्वारे से प्रारंभ हुई प्रभात फेरी का स्थानीय पार्षद इन्द्रजीत सिंह ने अपने निवास पर सपरिवार और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के साथ भव्य स्वागत किया। शबद कीर्तन के उपरांत संगत को लंगर प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी सुशील गाबा, गुरविन्दर सिंह, हरविन्दर सिंह, बलजीत सिंह, गौरव गांधी, नरेश घई, डिंपी चोपड़ा, मनोज बठला, राजकुमार सीकरी, लखविन्दर सिंह, दीदार सिंह, हरबंस ठुकराल, शिवम शर्मा सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।उधर लालपुर क्षेत्र में गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा रूद्रपुर से पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ और निशान साहिब लेकर पहुंची प्रभात फेरी का महेन्द्र सिंह गाबा, बलजीत सिंह गाबा और गुरमीत सिंह गाबा ने सपरिवार स्वागत किया। गाबा के कार्यालय में कथावाचक रेशम सिंह ने गुरु के जीवन से संबंधित कथाएं संगत के समक्ष प्रस्तुत कीं तथा शबद कीर्तन का पाठ किया गया। अरदास के बाद संगत को जल, चाय, मिठाई और लंगर सेवा प्रदान की गई।इस दौरान समाजसेवी सुरजीत सिंह ग्रोवर, सुशील गाबा, गुरनूर सिंह, गुनरीत कौर, लखविन्दर सिंह पिंटू, राजकुमार मिगलानी, अजीत पाल सिंह, भजन सिंह, हरविन्दर चुघ, लक्की चुघ, गुरविन्दर गाबा, परविन्दर गाबा, नरेन्द्र छाबड़ा, सुनील खुराना, अमित छाबड़ा, लालपुर प्रबंधक कमेटी के भजन सिंह, दलजीत सिंह, बख्शीश सिंह, स्वर्ण सिंह, इकबाल सिंह परूथी, गुरूदयाल सिंह चीना, पप्पा भाई, राजकुमार गगनेजा, बंटी गाबा, गुरदीप कालड़ा सहित बड़ी संख्या में संगत मौजूद रही।दोनों प्रभात फेरियों में समाजसेवी सुशील गाबा ने शीश नवाते हुए आयोजनकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि गुरुपर्वों के अवसर पर प्रभात फेरियों का आयोजन गुरु की शिक्षाओं को घर-घर तक पहुंचाने, लोगों को अमृत बेला में जागृत करने और गुरुओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का माध्यम है। नववर्ष के अवसर पर इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

क्लीनिंग शार्थी होम केयर प्रोडक्ट्स



सभी देशवासियों को नववर्ष, मकर संक्रांति, बसंत पंचमी व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

विशाल मण्डल

टैगोर नगर, शक्तिफार्म, सितारगंज उत्तराखण्ड, मो. 9045616606

उत्तराखंड में डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए सम्पर्क करें।

# युवक पर घर में घुसकर जानलेवा हमला

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में आधा दर्जन आरोपियों ने युवक पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने आरोपियों पर घर में घुसकर हमला करने तथा भविष्य में आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी देने का चलते आरोपियों से जान माल का खतरा बताते हुए आरोपियों पर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस को दी शिकायत में ग्राम भंगा निवासी सत्येंद्र गंगवार पुत्र नरेंद्र पाल ने बताया कि आरोपीगण दबंग किस्म के लोग हैं तथा आए दिन शाम को दारू पीकर आरोपियों द्वारा गाली गलौज एवं मारपीट की जाती है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि ग्राम निवासीगण सूर्य प्रकाश गंगवार, ओमप्रकाश, सतीश, अंकुर गंगवार, नितिन, हिमांशु, अंजलि एवं हीराकली ने एक राय होकर पीड़ित के घर में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया तथा हीराकाली ने ईंट से हमला कर पीड़ित को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित के अनुसार आरोपियों द्वारा उसे लगातार जान से मारने की धमकियां दी जा रही है, जिससे पीड़ित एवं उसका परिवार भयभीत है। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# महापौर ने जिला अस्पताल में लिया व्यवस्थाओं का जायजा

## सुविधाओं का होगा विस्तार, जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम मिलकर करेंगे काम

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने और आम जनमानस को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ महापौर विकास शर्मा ने बुधवार शाम जवाहर लाल नेहरू जिला चिकित्सालय का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों में जाकर व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और भर्ती मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिल रहे उपचार व सुविधाओं की जानकारी ली। महापौर ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में भी प्रतिभाग किया, जिसमें चिकित्सालय की खामियों को दूर करने और भविष्य की कार्ययोजना पर गंभीर मंथन किया गया।इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार की प्राथमिकता है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी आधुनिक और निःशुल्क उपचार मिले। इसी विजन को धरातल पर उतारने के लिए नगर निगम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आठ आयुष्मान आरोग्य स्वास्थ्य केंद्रों का संचालन शुरू किया है। महापौर ने कहा कि इन केंद्रों के सक्रिय होने से जिला अस्पताल में छोटी बीमारियों के लिए आने वाले मरीजों का दबाव काफी कम होगा, जिससे अस्पताल प्रबंधन और विशेषज्ञ डॉक्टर अपना पूरा ध्यान गंभीर बीमारियों के उपचार और जटिल ऑपरेशनों पर केंद्रित कर सकेंगे।महापौर ने कहा कि जिला अस्पताल में जो भी अव्यवस्थायें हैं उन्हें दूर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल की पार्किंग व्यवस्था को लेकर मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए अब इसका संचालन नगर निगम के महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कराया जाएगा। इससे न केवल पार्किंग व्यवस्था अनुशासित होगी, बल्कि शुल्क में भी कटौती की जाएगी ताकि तीमारदारों पर आर्थिक बोझ न पड़े। इसके साथ ही मरीजों को मौसम की मार से बचाने के लिए अस्पताल में जनरेटर बैकअप को मजबूत करने के साथ-साथ कुछ वार्डों में नए एसी और हीटर लगाने का भी निर्णय लिया गया है।चिकित्सालय में डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी पर चर्चा करते हुए महापौर ने कहा कि वे इस विषय को लेकर शीघ्र ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शासन स्तर पर वार्ता कर अस्पताल में रिक्त चल रहे पदों को भरने और तकनीकी संसाधनों की कमी को दूर करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। स्वास्थ्य सेवाओं को घर-घर तक पहुँचाने के लिए उन्होंने एक नई पहल की घोषणा करते हुए बताया कि अब नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रत्येक वार्ड में प्रति माह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर और रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से न केवल लोगों में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आएगी, बल्कि एकत्रित रक्त के माध्यम से आपातकालीन स्थितियों में अनमोल जिंदगियां बचाई जा सकेंगी। निरीक्षण और बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, डॉ. कपिल शर्मा जिला अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक सचिव डॉक्टर आर के सिन्हा जी महानिदेशक डॉक्टर केके पांडे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर केके अग्रवाल सहित स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन के तमाम वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।







# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## अंतरिक्ष में भारत का 'बाहुबली'

इस बार भारत ने अंतरिक्ष में 'बाहुबली छलांग' लगाई है। भारत ने सबसे अधिक वजन वाला, वाणिज्यिक उपग्रह, भेजने का भी कीर्तिमान स्थापित किया है। जिस अमरीकी 'ब्लूबर्ड ब्लॉक-2' उपग्रह को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित करने का इतिहास भारत ने रचा है, उससे संचार की दुनिया का चेहरा ही बदल जाएगा। सतीश धवन स्पेस सेंटर से एलवीएम-3 के रॉकेट के जरिए भारत ने 6100 किग्रा. का उपग्रह पृथ्वी की निचली कक्षा तक भेजकर कीर्तिमान का एक और मील पत्थर स्थापित किया है। इससे पहले यह कीर्तिमान 4400 किग्रा. के सीएमएस-03 संचार उपग्रह के नाम था, जो 2 नवंबर को प्रक्षेपित किया गया था। इसरो की वाणिज्यिक शाखा 'न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड' ने अमरीकी कंपनी 'एएसटी स्पेसमोबाइल' के साथ करार किया था। लॉन्चिंग के 15 मिनट बाद ही यह उपग्रह रॉकेट से अलग हो गया और करीब 600 किमी. दूर पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित हो गया। प्रक्षेपण और उड़ान में मात्र 90 सेकंड की देरी इसलिए हुई, क्योंकि उपग्रह के उड़ान-पथ पर मलबा होने अथवा अन्य उपग्रहों के साथ टकराव की संभावनाएं थीं। इस 'बाहुबली उपग्रह' से संचार और मोबाइल की दुनिया इस कदर बदल जाएगी कि दुनिया में कहीं भी, पहाड़ों के बीच भी, 4 जी और 5जी सुविधा वाले मोबाइल से वॉयस और वीडियो कॉल, संदेश, स्क्रीमिंग, डाटा सेवाएं सहज और सुलभ हो जाएंगी। अब नेटवर्क की कोई भी चिंता नहीं होगी। इतना ही नहीं, अंतरिक्ष से सीधे धरती पर कॉल की जा सकेंगी। संदेश भेजना संभव होगा। वीडियो कॉल के जरिए हम सब, एक-दूसरे के, रूबरू होंगे। क्या भारत ने इतनी विराट, अंतरिक्षी सफलता की कल्पना तक की थी? आर्यभट्ट से लेकर ब्लूबर्ड तक भारत ने एक बहुत लंबा और पेचीदा सफरनामा तय किया है। गौरतलब यह है कि पहली बार इसरो ने 52 दिनों की तैयारी में इस उपग्रह को लॉन्च किया है, जो एलएमवी-3 जैसे बाहुबली के लिए बहुत कम समय है। इस रॉकेट में पहली बार एस 200 बूस्टर को नियंत्रित करने के लिए नए कंट्रोल सिस्टम का इस्तेमाल किया गया है। यही सिस्टम 'गगनयान मिशन' में भी इस्तेमाल होना है, लिहाजा एक तरह से उसकी सफल टेस्टिंग हो गई। भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के सफल लक्ष्यों की कहानी भी सामने आई है, क्योंकि 2026 में हर माह एक लॉन्चिंग होगी। उसमें सबसे खास मिशन 'गगनयान' है। कुछ स्टार्टअप के ऑर्बिटल लॉन्च भी होने हैं। 2040 तक चंद्रमा पर मानव को उतारने का लक्ष्य तय किया गया है। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में 8-10 विश्व कीर्तिमान रचने की भी योजना है। आज यह याद करने का भी दिन है कि 2014 में इसरो ने 'मंगलयान' के साथ पहली कोशिश की थी और भारत प्रथम प्रयास में ही मंगल ग्रह पर पहुंचने वाला सर्वप्रथम देश बन गया था। 2017 में पीएसएलवी-सी 37 के साथ भारत ने एक साथ 104 उपग्रहों का प्रक्षेपण कर भी इतिहास रचा था। 2023 सबसे महत्वपूर्ण वर्ष साबित हुआ, जब हमारा 'चंद्रयान-3' चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग कर सका। वहां हमने 'तिरंगा' स्थापित किया। 'ब्लूबर्ड-2' के प्रक्षेपण और पृथ्वी की कक्षा में सफल स्थापना ने भी भारत की इन उपलब्धियों को एक और सेहरा पहनाया है। जो उपग्रह भेजा गया है, वह दुनिया भर में स्मार्टफोन को सीधे हाई स्पीड सेलुलर ब्रॉडबैंड प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। उपग्रह में 223 वर्ग मीटर का विशाल, एक खास किस्म का, एंटीना लगा है, जो अब तक पृथ्वी की कक्षा में स्थापित होने वाला सबसे बड़ा वाणिज्यिक, संचार उपग्रह बनाता है। 'ब्लूबर्ड' की मदद से स्मार्टफोन वाणिज्यिक और सरकारी दोनों उद्देश्यों के लिए सीधे उपग्रहों से जुड़ सकेंगे। यह मिशन भविष्य में इंटरनेट जुड़ाव को बदलने वाला भी साबित होगा।

# लोक भवन में विकास और सुशासन पर सकारात्मक संवाद

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) से गुरुवार को लोक भवन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भेंट कर नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने भी मुख्यमंत्री को नववर्ष की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रदेश के समग्र विकास, जनकल्याण और सुशासन से जुड़े विषयों पर सकारात्मक और सार्थक संवाद हुआ।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भी राज्यपाल से भेंट कर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इसके उपरांत प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों, विश्व विद्यालयों के कुलपतियों, आईटीबीपी के अधिकारियों सहित लोक भवन के



अधिकारियों और कर्मचारियों ने राज्यपाल से मुलाकात कर नववर्ष की बधाई दी।राज्यपाल ने सभी अधिकारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उनके कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित और समर्पित सेवाभाव की सराहना की। उन्होंने प्रदेश के प्रशासनिक ढांचे को सुदृढ़ करने में अधिकारियों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। राज्यपाल ने सुशासन, जनसेवा और उत्तराखंड के समग्र एवं सतत विकास को लेकर अधिकारियों से सकारात्मक संवाद करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि सभी के समन्वित प्रयासों से वर्ष 2026 प्रदेश को प्रगति, स्थिरता और जनकल्याण की नई दिशा देगा तथा उत्तराखंड विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।इस अवसर पर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, प्रमुख मुख्य वन संरक्षक रंजन कुमार मिश्र सहित वरिष्ठ आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारी उपस्थित रहे।





# प्रेस क्लब की नव निर्वाचित कार्यकारिणी ने सीएम से की भेंट

## मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के हितों के लिए हर संभव सहयोग का दिया आश्वासन

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तरांचल प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष अजय राणा के नेतृत्व में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने प्रेस क्लब के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा लोकतंत्र में मीडिया का महत्व सर्वविदित है। मीडिया से जुड़े प्रतिनिधियों की समस्याओं के समाधान के लिये राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने मीडियाकर्मियों से राज्य विकास में सहयोगी बनने की भी अपेक्षा की।इस



अवसर पर प्रेस क्लब के निवर्तमान अध्यक्ष भूपेंद्र कंडारी ने कहा कि पूर्व में भी प्रेस क्लब को मुख्यमंत्री व सरकार का सहयोग मिलता रहा। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगे भी इसी प्रकार का सहयोग मिलता रहेगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय राणा और महामंत्री योगेश सेमवाल ने प्रेस क्लब भवन निर्माण के प्रस्ताव के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष मनीष डंगवाल कार्यकारिणी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह नेगी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सोबन सिंह गुसाईं, संयुक्त मंत्री शिवेश शर्मा, मीना नेगी, संप्रेक्षक विजय जोशी, कार्यकारिणी सदस्य मनमोहन लखेड़ा, रश्मि खत्री, सुलोचना पयाल, वीरेंद्र डंगवाल, मनोज जयाडा, हरीश थपलियाल, मनवर सिंह रावत रहे।


### सूचना नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Vipra Das S/O Manoj से बदलकर अब Vipro Tarafdar S/O Manoj Tarafdar कर लिया है। अतः अब से भविष्य में मुझे Vipro Tarafdar S/O Manoj Tarafdar के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

विप्रो तरफदार पुत्र श्री मनोज तरफदार निवासी -सुन्दरपुर, दिनेशपुर (उधमसिंहनगर)


# अवैध मतांतरण की समस्या से सख्ती से निपटने की जरूरत

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में लगातार धर्मांतरण कर ईसाई बने सरकारी कर्मचारियों द्वारा लगातार अशिक्षित और गरीब आदिवासियों को प्रलोभन देकर मतांतरित कराने के मामले सामने आ रहे हैं। हाल ही में शिवपुरी जिले के पटवारी और शिक्षकों द्वारा भील आदिवासियों का मतांतरण कराने का बड़ा मामला सामने आया है। जिला प्रशासन और पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एक पटवारी, दो सरकारी शिक्षिकाएं, एक शिक्षक और चर्च के पादरी को धर्म परिवर्तन में लिप्त पाए जाने पर अपराध दर्ज कर गिरफ्तार तो किया ही सभी को निलंबित भी कर दिया। अदालत ने उन्हें जेल भेज दिया। यह कार्यवाही ग्राम गुडाल डांग के सरपंच की शिकायत पर की गई। अवैध रूप से बनाई गई चर्च को भी जमींदोज कर दिया। गरीब भील आदिवासियों को 25-25 हजार रुपए का लालच देकर धर्मांतरित किया गया था। मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 की धारा 3-5 के तहत पंजीबद्ध मामले में दोश सिद्ध होने पर 2 से लेकर 10 साल तक की सजा और 50 हजार रुपए के जुर्माने का प्रावधान है। छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण का खेल बहुत बड़े पैमाने पर चल रहा है। मुख्यमंत्री विश्णुदेव साय मतांतरण की समस्या से निपटने के लिए एक कड़ा कानून लाने की तैयारी में हैं। इसके तहत दोहरा लाभ ले रहे मतांरित अनुसूचित जनजातियों (एसटी) को सरकारी योजनाओं के लाभ से बाहर रखने के प्रविधान रखे जाएंगे। दरअसल इस राज्य में अवैध मतांतरण ने गंभीर समस्या उत्पन्न कर दी है। यह प्रविधान हो जाता है तो, जिस तरह से संवैधानिक व्यवस्था के चलते मतांतरण की स्थिति में अनुसूचित जातियों (एससी) के लोग आरक्षण सहित लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो जाते हैं, उसी तरह जनजातियों के लोग भी वंचित होने लग जाएंगे। जबकि ईसाई या मुस्लिम बने आदिवासी न केवल एसटी वर्ग का लाभ ले रहे हैं, बल्कि ईसाई के रूप में अल्प संख्यक वर्ग की योजनाओं का भी लाभ उठा रहे हैं। राज्य सरकार इस कानूनी विसंगति को कठोर कानून बनाकर दूर करना चाहती है। इस प्रस्तावित विधेयक में बिना सूचना के मत परिवर्तन करने या कराने पर 10 वर्श तक की सजा का प्रावधान किया जा सकता है। यह कानून छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम 1968 की जगह लेगा। एक आदिवासी नेता हुए हैं बाबा कार्तिकउरांव ! वे हमेशा हिंदुत्व के पक्षधर रहे और धर्मांतरित आदिवासियों को आरक्षण देने का विरोध करते रहे। बाबा कार्तिक उरांव तीन बार लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए थे। जीवन के अंतिम समय में वे नागरिक उड्डयन एवं संचार मंत्री थे। उरांव अत्यंत प्रतिभाशाली व्यक्ति थे। गुमला से मैट्रिक करने के बाद, वे ठक्कर बाप्पा के आश्रम में चले गए। उन्हीं की प्रेरणा से उरांव ने अभियांत्रिकी की कई डिग्रियां प्राप्त कीं। वे उच्च शिक्षा के लिए इंग्लैंड गए। वहां उन्होने नौ वर्ष बिताए। विश्व के सबसे बड़े नाभिकीय ऊर्जा का प्रारूप उन्होंने ही बनाया था, जो आज हिंकले न्यूक्लियर पावर प्लांट के नाम से जाना जाता है। इंग्लैंड में उनकी भेंट जवाहरलाल नेहरू से हुई, उन्हीं के आग्रह पर वे भारत लौटे। यहाँ भारी अभियांत्रिकी निगम में काम करने लगे। 1962 में कांग्रेस के आग्रह पर, उन्होंने तत्कालीन बिहार के लोहरदगा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा, लेकिन स्वतंत्र पार्टी के डेविड मुंजनी से मात्र 17000 वोटों से हार गए। 1967 में फिर से उन्होंने कांग्रेस की टिकट पर लोहरदगा से चुनाव लड़ा और वे सांसद बने। 1977 की जनता लहर का अपवाद छोड़ दें, तो अपनी मृत्यु (1981) तक वे लोहरदगा का प्रतिनिधित्व लोकसभा में करते रहे। 8 दिसंबर 1981 को संसद भवन में ही दिल का दौरा पड़ने से उनकी मृत्यु हो गई थी। तब वे केंद्रीय उड्डयन और संचार मंत्री थे।वनवासियों के ईसाई धर्मांतरण से वे क्षुब्ध थे। इसलिए 1967 में वे संसद में 'अनुसूचित जाति एवं जनजाति आदेश संशोधन विधेयक-1967' लाए । इस विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति ने बहुत छानबीन की और 17 नवंबर 1969 को अपनी सिफारिशें दीं। इनमें प्रमुख सिफारिश थी, कोई भी आदिवासी व्यक्ति, जिसने जनजाति आदिवासी मत तथा विश्वासों का परित्याग कर दिया हो और ईसाई या इस्लाम धर्म ग्रहण कर लिया हो, वह अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं समझा जाएगा और न ही वह आदिवासियों को मिलने वाली सरकारी सुविधाओं का पात्र रह जाएगा। अर्थात धर्म परिवर्तन करने के पश्चात उस व्यक्ति को अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत मिलने वाली सुविधाओं से वंचित होना पड़ेगा। संयुक्त समिति की सिफारिश के बावजूद, एक वर्ष तक इस विधेयक पर संसद में बहस ही नहीं हुई। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर ईसाई मिशनरियों का जबरदस्त दबाव था कि इस विधेयक का विरोध करें। ईसाई मिशन के प्रभाव वाले 50 संसद सदस्यों ने इंदिरा गांधी को पत्र दिया कि इस विधेयक को खारिज कर दें । कांग्रेस में रहते हुए इस मुहिम के विरोध में अपने राजनीतिक भविष्य को दांव पर लगाकर कार्तिक उरांव ने 10 नवंबर को 322 लोकसभा सदस्य और 26 राज्यसभा सदस्यों के हस्ताक्षरों का एक पत्र इंदिरा गांधी को दिया, जिसमें यह जोर देकर कहा गया था की वे विधेयक की सिफारिशों का स्वीकार करें, क्योंकि यह तीन करोड़ वनवासियों के जीवन-मरण का प्रश्न हैं। किंतु ईसाई मिशनरियों के दबाव में इस विधेयक को ठंडे बस्ते में डाल दिया। आदिवासी बाहुल्य छत्तीस गढ़ सरकार इन्हीं कार्तिक उरांव की प्रेरणा से इस विसंगति को दूर करने की तैयारी में है। झारखंड से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और मध्य-प्रदेश के ढालसिंह बिसेन ने संसद में कहा था कि अनुसूचित जातियों और जनजातियों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन का चलन लगातार बढ़ रहा हैं। दरअसल संविधान के अनुच्छेद-342 में धर्म परिवर्तन के संबंध में अनुच्छेद-341 जैसे प्रावधान में लोच है। 341 में स्पष्ट है कि अनुसूचित जाति (एससी) के लोग धर्म परिवर्तन करेंगे तो उनका आरक्षण समाप्त हो जाएगा। इस कारण यह वर्ग धर्मांतरण से बचा हुआ है। जबकि 342 के अंतर्गत संविधान निर्माताओं ने जनजातियों के आदि मत और पुरखों की पारंपरिक सांस्कृतिक आस्था को बनाए रखने के लिए व्यवस्था की थी कि अनुसूचित जनजातियों को राज्यवार अधिसूचित किया जाएगा। यह आदेश राष्ट्रपति द्वारा राज्य की अनुशंसा पर दिया जाता है। इस आदेश के लागू होने पर उल्लेखित अनुसूचित जनजातियों के लिए संविधान सम्मत आरक्षण के अधिकार प्राप्त होते हैं। इस आदेश के लागू होने के उपरांत भी इसमें संशोधन का अधिकार संसद को प्राप्त है। अनुच्छेद 341 के अनुसार अनुसूचित जातियों के वही लोग आरक्षण के दायरे में हैं, जो भारतीय धर्म हिंदू, बौद्ध और सिख अपनाने वाले हैं। गोया, अनुच्छेद-342 में 341 जैसे प्रावधान हो जाते हैं, तो अनुसूचित जनजातियों में धर्मांतरण की समस्या पर स्वाभाविक रूप से अंकुश लग जाएगा। संविधान के अनुच्छेद 15 के अनुसार धर्म, जाति,लिंग और जन्म स्थान के आधार पर राष्ट्र किसी भी नागरिक के साथ पक्षपात नहीं कर सकता। इस दृष्टि से संविधान में विरोधाभास भी हैं। संविधान के तीसरे अनुच्छेद, अनुसूचित जाति आदेश 1950, जिसे प्रेसिडेंशियल ऑर्डर के नाम से भी जाना जाता है, के अनुसार केवल हिंदू धर्म का पालन करने वालों के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति को अनुसूचित जाति की श्रेणी में नहीं माना जाएगा। इस परिप्रेक्ष्य में अन्य धर्म समुदायों के दलित और हिंदू दलितों के बीच एक स्पष्ट विभाजक रेखा है, जो समता और सामाजिक न्याय में भेद करती है। इसी तारतम्य में पिछले 60 सालों से दलित ईसाई और दलित मुसलमान संघर्षरत रहते हुए हिंदू अनुसूचित जातियों को दिए जाने वाले अधिकारों की मांग करते चले आ रहे हैं। इस बाबत रंगनाथ मिश्र की रिपोर्ट ने इस भेद को दूर करने की पैरवी की थी। लेकिन संविधान में संशोधन के बिना यह संभव नहीं था। 2015 में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा था कि एक बार जब कोई व्यक्ति हिंदु धर्म या मत छोड़कर ईसाई या इस्लाम धर्मावलंबी बन जाता है तो हिंदु होने के चलते उसके सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक रूप से कमजोर होने की अयोग्ताएं समाप्त हो जाती हैं। लिहाजा उसे संरक्षण देना जरूरी नहीं है। इस लिहाज से उसे अनुसूचित जाति का व्यक्ति भी नहीं माना जाएगा। अतएव मतांतरण रोकने के लिए इस तरह का कानून अब छत्तीसगढ़ में ही नहीं पूरे देश के लिए संसद के माध्यम से लाना अनिवार्य हो गया है।

-प्रमोद भार्गव,लेखक/वरिष्ठ पत्रकार

# मुख्यमंत्री को तमाम लोगों ने दी नववर्ष की शुभकामनाएं

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास पर मंत्रीगणों, विधायकों, जनप्रतिनिधियों, शासन-प्रशासन एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों- कर्मचारियों तथा प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने शिष्टाचार भेंट कर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएँ दीं। आई.टी.बी.पी. सहित केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों व संगठनों के उच्चाधिकारियों ने भी मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री श्री धामी ने सभी आगंतुकों का हार्दिक स्वागत करते हुए शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नया वर्ष नई ऊर्जा, नए संकल्प और नए अवसरों का प्रतीक होता है, जो हमें समाज और राज्य की सेवा के प्रति और अधिक दृढ़ संकल्पित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026 उत्तराखंड की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण वर्ष सिद्ध होगा। इस वर्ष राज्य सरकार सुशासन, जनकल्याण और आत्म निर्भरता के लक्ष्यों की दिशा में और अधिक सशक्त कदम बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जन-जन तक विकास योजनाओं का लाभ पहुँचाना, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करना, महिलाओं को सशक्त बनाना, शिक्षा और स्वास्थ्य सहित बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण तथा प्रदेश की प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण सरकार की प्रमुख प्राथमिकताएँ हैं। देवभूमि उत्तराखंड के धार्मिक स्वरूप को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए सरकार कृतसंकल्प है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि शासन-प्रशासन और जनता के सहयोग से उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में स्थान दिलाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह वर्ष एक महत्वपूर्ण पड़ाव सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री श्री धामी ने सभी लोगों से एकजुट होकर राज्य के विकास में जुटे रहने का आहवान किया। उन्होंने प्रदेश के नागरिकों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए कहा कि नया वर्ष सबके जीवन में खुशियाँ, सफलता और नई संभावनाएं लेकर आए।






## सोशल मीडिया पर संपर्क में आए युवक से मंदिर में शादी करना युवती को भारी पड़ा

किच्छा। पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र निवासी पीड़िता को सोशल मीडिया पर संपर्क में आए युवक से प्रेम विवाह करना महंगा पड़ गया। विवाह के बाद आरोपी एवं उसके माता पिता ने 20 लाख रुपए नगद एवं कार की मांग करते हुए पीड़िता को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पीड़िता ने आरोपियों पर मारपीट कर घर से निकाले जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत देकर पति एवं सास ससुर के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में ग्राम पंतपुरा दोपहरिया निवासी नेहा रावत पुत्री सुभाष रावत ने बताया कि इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद वह बीबीए का कोर्स करने के लिए देहरादून गई थी और किराए के मकान में रहने लगी। पीड़िता के अनुसार वर्ष 2023 में सोशल मीडिया के माध्यम से उसका संपर्क विक्रांत चौधरी पुत्र कपिल चौधरी से होने के बाद दोनों के बीच फोन पर बातचीत तथा मुलाकात होने लगी तथा दोनों परिवारों की सहमति के बाद 7 मार्च 2025 को रुद्रपुर स्थित आर्य समाज मंदिर में दोनों ने विवाह कर लिया। बताया कि विवाह के बाद विक्रांत उसे अपने साथ बिजनौर स्थित अपने आवास ग्राम पाइंदापुर, पोस्ट बुधनपुर पैदापुर, जिला बिजनौर ले गया। आरोप है कि विवाह के एक सप्ताह बाद पति विक्रांत, ससुर कपिल चौधरी एवं सास मंजू शाह ने पीड़िता को 20 लाख रुपए एवं कार की डिमांड करते हुए मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पीड़िता के अनुसार विवाह के समय मायके पक्ष ने करीब 10 तोला सोना, फ्रिज, कलर टी.वी., बुलेट मोटर साइकिल सहित अन्य सामान दहेज में दिया था। बताया कि विवाह के बाद शिमला घूमने के दौरान आने जाने सहित अन्य सारा खर्चा पीड़िता के पिता द्वारा विक्रांत को दिया गया था। पीड़िता ने पति विक्रांत पर मारपीट करने तथा स्मैक का सेवन करने का आरोप लगाया। बताया कि नशे का आदी होने के चलते विक्रांत चोरी करने लगा और चोरी के मामले में देहरादून स्थित सुधोवाला जेल में निरुद्ध रहा। पीड़िता ने बताया कि अक्टूबर 2025 में पीड़िता के पति विक्रांत, ससुर कपिल चौधरी व सास मंजू शाह ने पीड़िता के साथ मारपीट कर उसे धक्के देकर घर से बाहर निकाल दिया और 20 लाख रुपए नगद तथा कार की डिमांड पूरी होने तक वापस न आने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

## आरटीआई के दुरुपयोग पर प्रधान सहायक स्थानांतरण

नैनीताल ।जिलाधिकारी कार्यालय में सेवारत प्रधान सहायक मोहम्मद अकरम द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत अपने ही कार्यालय से अत्यधिक मात्रा में सूचना मांगे जाने तथा बाद में बिना किसी वैध कारण के उसे प्राप्त करने से इनकार किए जाने के प्रकरण को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने इसे गंभीरता से लिया है। मामले में इसे शासकीय संसाधनों,समय एवं श्रम का अनावश्यक अपव्यय मानते हुए संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्री अकरम द्वारा विभिन्न पटलों से व्यापक सूचना मांगी गई थी, जिस पर लोक सूचना अधिकारी द्वारा सीमित मानव संसाधनों के बावजूद कई दिनों के परिश्रम के बाद लगभग तीन हजार पृष्ठों की सूचना संकलित कर निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। किंतु सूचना उपलब्ध कराए जाने के उपरांत श्री अकरम ने बिना किसी उचित कारण के उसे प्राप्त करने से इनकार कर दिया, जिससे कार्यालयीन कार्य प्रणाली प्रभावित हुई। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए, आदेश में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के विभिन्न निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा है कि सूचना का अधिकार अधिनियम पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने का साधन है, न कि शासकीय तंत्र को बाधित करने या सार्वजनिक संसाधनों के दुरुपयोग का माध्यम। न्यायालय द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि आरटीआई का प्रयोग विवेकपूर्ण एवं जिम्मेदार ढंग से किया जाना चाहिए। आदेश में यह भी कहा गया है कि एक लोक सेवक से, उसकी पदस्थापना और कर्तव्यों को देखते हुए, सामान्य नागरिक की तुलना में अधिक संयमित और उत्तरदायी आचरण की अपेक्षा की जाती है। अपने ही कार्यालय से अत्यधिक सूचना मांगकर उसे प्राप्त न करना सरकारी सेवक आचरण नियमावली के प्रावधानों के प्रतिकूल है। प्रकरण में मोहम्मद अकरम की औपचारिक भर्त्सना करते हुए उन्हें भविष्य में आरटीआई अधिनियम के प्रयोग तथा शासकीय कर्तव्यों के निर्वहन में विधिक मर्यादाओं का पालन करने की कठोर चेतावनी दी गई है। साथ ही प्रशासनिक आधार पर उनका जिला मुख्यालय से स्थानांतरण भी कर दिया गया है।

## आवारा मवेशी से टकराकर बाइक युवक सवार की मौत, एक गंभीर

शक्तिफार्म। क्षेत्र में 31 दिसंबर की रात लगभग 10:30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई और



एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, 20 क्वार्टर निवासी राजेश मिस्त्री (27) पुत्र फणींद्र मिस्त्री अपने मित्र उज्जवल को छोड़ने उनके घर जा रहे थे। इसी दौरान वे टैगोर नगर तीन पानी के निकट सड़क पर पहुंचे, जहाँ अचानक विचरण कर रहे आवारा मवेशी से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। इस भिड़ंत में मवेशी की भी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के तुरंत बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने दोनों युवकों को गंभीर स्थिति में देखा और उन्हें तुरंत बरेली स्थित राममूर्ति अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने राजेश मिस्त्री को मृत घोषित कर दिया, जबकि उसका मित्र उज्जवल गंभीर रूप से घायल है और उसका उपचार जारी है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर मौके पर पंचनामा तैयार किया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पेज एक का शेष...

**हादसे में भाजपा नेता.....**पर भीड़ जुटाई और पुलिस द्वारा स्थिति नियंत्रण में लाई गई। अमित सैनी की मौत की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और स्थानीय कार्यकर्ता अस्पताल पहुंचकर परिजनों से मिले और उन्हें सांत्वना दी। सूत्रों के अनुसार, अमित सैनी रुड़की किसी निजी काम से आए थे और अपने घर लौट रहे थे। 26 दिसंबर को उन्होंने दलपुरा दल मंदिर के पास राजा जगत देव सिंह की नई प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम में भी भाग लिया था। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है और आवश्यकतानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**खनन माफिया का राजस्व......**को किसका संरक्षण प्राप्त है, जो वे दिनदहाड़े कानून को चुनौती दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार बढ़ती दबंगई और अवैध खनन से इलाके का सामाजिक और पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित हो रहा है। राजस्व अधिकारियों का कहना है कि ऐसे घटनाक्रम राज्य प्रशासन और पुलिस के लिए गंभीर चुनौती हैं, और भविष्य में सघन चेकिंग अभियान और सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि खनन माफिया को कानून के दायरे में लाया जा सके।

**सीएम ने वर्चुअल किया राजा....**कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा समाज के साथ रही है और भविष्य में भी पूरी मजबूती से साथ खड़ी रहेगी। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा समाज के मिशन और विचारधारा के साथ है तथा हर कदम पर समाज के हित में कार्य करती रहेगी। उन्होंने कहा कि राजा जगत देव जी सदैव पूजनीय रहे हैं और आगे भी श्रद्धा के केंद्र बने रहेंगे। इस अवसर पर विधायक अरविंद पांडेय, ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर, सतीश चुघ, पवन सिंह, काबल सिंह, कपिल कुमार, मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, बाबू सिंह तोमर, राजेश कुमार, सांसद प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर, रोबिन फुटेला सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में दूर-दराज से आए हजारों लोगों ने भाग लेकर आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। मूर्ति अनावरण के अवसर पर पूरे मंदिर परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा। जयकारों, पुष्पवर्षा और श्रद्धा भाव के बीच राजा जगत देव जी के प्रति लोगों की आस्था स्पष्ट रूप से देखने को मिली। आयोजन ने न केवल सामाजिक एकता का संदेश दिया, बल्कि वीर पुरुषों के इतिहास को सहेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी सिद्ध हुआ। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की वर्चुअल खत्म होने के बाद विधायक अरविंद पांडेय का कार्यक्रम में पहुंचना चर्चा का विषय बना रहा।

**मूर्ति खंडित करने वालों की....**धामी और जिले के कप्तान की ईमानदारी की तारीफ करते हुए कहा कि प्रशासन समय पर कार्रवाई करे। उन्होंने कप्तान पर तंज कसते हुए कहा कि 11.30 बजे का समय देने के बावजूद उनसे मुलाकात नहीं हो पाई। बता दें कि 26 दिसंबर को दलपुरा दल मंदिर के समीप विधायक पांडेय ने राजा जगत देव सिंह की नई प्रतिमा स्थापित की थी। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष लाखन सिंह, उपाध्यक्ष कन्हैया लाल, महादेव सिंह, वीर सिंह, नरेंद्र सिंह कोरंगा, गोपी सागर, पप्पू सिंह, धर्म सिंह बीडीसी मेंबर, स्वरूप सिंह प्रधान, राकेश सिंह, प्रीतम सिंह, किशन सिंह बाबा, श्याम सिंह, सोमल सिंह, भूप सिंह और बुक्सा जनजाति अध्यक्ष काशीपुर सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अंकिता हत्याकाण्ड मामले में .....

वीडियो में महिला ने अंकिता भंडारी हत्याकांड में एक वीआईपी नेता गट्टू का जिक्र किया। वीडियो में यह भी बताया गया कि गट्टू उसी दिन रिजॉर्ट में क्या कह रहे थे और पूर्व जिला पंचायत सदस्य के पास इस घटना की पूरी जानकारी थी। वीडियो के वायरल होने के बाद मामला उत्तराखंड से दिल्ली तक चर्चा का विषय बन गया और भाजपा-कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। वीडियो वायरल होने के तुरंत बाद कांग्रेस ने मामले पर प्रतिक्रिया दी। उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोडियाल ने दिल्ली में पत्रकारवार्ता कर वीडियो पेश किया और प्रदेश सरकार पर मामला दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के जज की अध्यक्षता में सीबीआई जांच की मांग की। गोडियाल ने चेतावनी दी कि यदि सरकार दस दिनों के भीतर इस मामले में सीबीआई जांच की सिफारिश नहीं करती है, तो कांग्रेस प्रदेशभर में आंदोलन करेगी। भाजपा की ओर से इस मामले में कहा गया कि विपक्ष इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहा है। मंत्री सुबोध उनियाल ने जोर देकर कहा कि सबूत पेश होने पर हर जांच को समर्थन मिलेगा और सरकार किसी भी तरह की निष्पक्ष जांच के लिए प्रतिबद्ध है।

**मेडिकल कॉलेज के लिए.....**5 किलोमीटर से शुरू किया गया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मंत्री मंडलीय उपसमिति और कमिश्नर कुमाऊं ने भूमि का चिह्नांकन कर विवाद सुलझा दिया है। अब सड़क के केंद्र से 50 फीट दोनों तरफ लोक निर्माण विभाग की भूमि खाली कराई जाएगी और अगले चरण में फोरलेन का निर्माण पूरा होगा। राजेश शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जनता की हर जायज मांग पर हाँ कहते हैं और उसे पूरा करते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के सहयोग से ही मेडिकल कॉलेज, एम्स और इंटरनेशनल एयरपोर्ट जैसी परियोजनाओं की कल्पना उत्तराखंड में संभव हो रही है। शुक्ला ने कहा धामी है तो हामी है, मोदी है तो मुमकिन है।

**अंकिता हत्याकांड: क्या अब......** है कि वहे किसी दबाव में नहीं, बल्कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए निर्णय लेते हैं। राजनीतिक और प्रशासनिक अनुभव यह भी सिखाता है कि जब किसी विषय पर जनाक्रोश बढ़ता है, तो उसका समाधान निकालना शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है। मुख्यमंत्री धामी द्वारा अब तक लिए गए कई ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय इस बात के प्रमाण हैं कि वे प्रदेश और जनता के हित में समयानुसार हर आवश्यक कदम उठाने के लिए तत्पर रहते हैं,चाहे वह सीबीआई जांच का आदेश ही क्यों न हो। आवश्यकता पड़ी तो वह इस मुद्दे पर मास्टर स्ट्रोक खेल कर विरोधियों को पटकनी देने में भी पीछे हटने वाले नही हैं।

## एमिनिटी क्रिकेट अकादमी ने जीपीएस क्रिकेट क्लब को 6 विकेट से हराया

किच्छा(उद संवाददाता)। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वाधान में जिले में चल रही जिला क्रिकेट लीग सीनियर पुरुष वर्ग प्रतियोगिता का मुकाबला एमिनिटी पब्लिक स्कूल के खेल ग्राउंड पर जीपीएस क्रिकेट अकादमी और एमिनिटी क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला गयाजीपीएस क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर के खेल में 198 रन 9 विकेट खोकर बनाएं। जिसमें उदित शर्मा ने 46 शानदार रन की पारी खेली व प्रिंस ने 31 रनों जीवांश यादव 33 का दीपक आर्य 26 योगदान अपनी टीम को दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमिनिटी क्रिकेट अकादमी ने यह मैच 6 विकेट से जीत लिया। ठाकुर मृत्युंजय ने 58 मन्नू कुमार ने 38 और शशांक पंत ने 24 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया । जीपीएस की तरफ से कवित मिश्रा तीन व दीपक आर्य ने एक विकेट लिए। एमिनिटी क्रिकेट अकादमी ने मैच जीत कर दो अंक प्राप्त किया। जिसमें अंपायर राजेंद्र कुमार और जेपी सिंह रहे ।कल का मैच एमिनिटी क्रिकेट क्रिकेट ग्राउंड पर मौर्य क्रिकेट अकादमी व किंग्सफोर्ड क्रिकेट अकादमी के बीच खेला सुबह 9:00 बजे खेला जाएगा।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ;उत्तराखण्डद्धसे मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
पफोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 2026 को सुशासन और आत्मनिर्भरता का वर्ष बनाने पर फोकस

## योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से आय, रोजगार और जीवन स्तर में सुधार धामी सरकार का लक्ष्य

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में वर्ष 2026 को उत्तराखंड के विकास की दिशा में निर्णायक और परिणामोन्मुख वर्ष के रूप में देखा जा रहा है। राज्य सरकार का फोकस अब नीतिगत निर्णयों से आगे बढ़ते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, जमीनी बदलाव और आम नागरिक की आय व जीवन स्तर में ठोस सुधार पर केंद्रित रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में तैयार कार्ययोजना सुशासन, समावेशी विकास, आर्थिक आत्म निर्भरता, कृषि-उद्यानिकी सशक्तिकरण और पर्यावरण संतुलन के इर्द-गिर्द आधारित है। सरकार ने वर्ष 2026 में सुशासन और प्रशासनिक सुधारों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है। शासन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और तकनीक आधारित बनाने के लिए सभी विभागों में ई-गवर्नेंस को अनिवार्य किया जाएगा। डिजिटल फाइल सिस्टम, ऑनलाइन सेवाएं और समयबद्ध सेवा प्रदायगी को सुदृढ़ किया जाएगा। भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत



जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण और सेवाओं की निर्धारित समय सीमा में उपलब्धता पर विशेष जोर रहेगा। इन्फ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी को मजबूत करना भी सरकार के 2026 एजेंडे का अहम हिस्सा है। चारधाम ऑल वेदर रोड, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, हेली सेवाओं के विस्तार और सीमावर्ती क्षेत्रों में रणनीतिक सड़कों के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसका उद्देश्य पर्वतीय और दूरस्थ क्षेत्रों तक स्वास्थ्य, शिक्षा और आपात सेवाओं की सुगम पहुंच सुनिश्चित करना है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए कृषि के साथ-साथ उद्यानिकी को आय बढ़ाने का मुख्य माध्यम बनाया जा रहा है। वर्ष 2026 में पॉलीहाउस खेती, कीवी उत्पादन, उच्च मूल्य वाली फसलों तथा सेब और कीवी नीति को विशेष प्राथमिकता दी गई है। पर्वतीय क्षेत्रों में पॉलीहाउस आधारित खेती को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे किसान वर्षभर सब्जी, फूल और गुणवत्तापूर्ण फसलें उगा सकें। इसके लिए अनुदान, तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण और बाजार से जोड़ने की व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। कीवी नीति के तहत उत्तराखंड को देश के प्रमुख कीवी उत्पादक राज्यों में शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। कम भूमि में अधिक आय, बेहतर बाजार मूल्य और निर्यात की संभावनाओं के कारण कीवी खेती किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक मानी जा रही है। इसके साथ ही सेब, नाशपाती, अखरोट और अन्य पहाड़ी फलों की वैल्यू चेन विकसित की जाएगी। सरकार का उद्देश्य खेती से होने वाली आय को दोगुना करते हुए पलायन पर रोक लगाना और गांवों में ही रोजगार के अवसर पैदा करना है। पर्यटन को रोजगार सृजन का प्रमुख आधार बनाने के लिए चारधाम यात्रा को सुरक्षित और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के साथ-साथ विंटर टूरिज्म, साहसिक पर्यटन, ईको टूरिज्म और होमस्टे योजनाओं को बढ़ावा दिया जाएगा। स्थानीय युवाओं और महिलाओं की भागीदारी से पर्यटन आधारित रोजगार विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र में सरकार ने

> **वर्ष 2026 उत्तराखंड के लिए परिणाम दिखाने का वर्ष होगा। हमारा उद्देश्य है कि सुशासन का लाभ हर नागरिक तक पहुंचे। पर्वतीय क्षेत्रों में पॉलीहाउस खेती, कीवी, सेब और अन्य उच्च मूल्य वाली फसलों को बढ़ावा देकर हम किसानों की आय को बढ़ाने पर विशेष फोकस रहेगा। युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है। सरकारी भर्तियों में पारदर्शिता के साथ-साथ स्टार्टअप, उद्योग और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाए जा रहे हैं। महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देंगे। हमारा लक्ष्य है कि उत्तराखंड सशक्त, सुरक्षित, आत्मनिर्भर और विकास के अवसरों से भरपूर राज्य बने जहां किसान समृद्ध हों, युवा आशावान हों और महिलाएं मुख्यधारा में सहभागी बनें।**
>
> **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

वर्ष 2026 में सरकारी भर्तियों को पूरी तरह पारदर्शी, समयबद्ध और नकलमुक्त रखने का संकल्प दोहराया है। निजी क्षेत्र में रोजगार बढ़ाने के लिए स्टार्टअप, आईटी पार्क, उद्योग और निवेश को प्रोत्साहित किया जाएगा। युवाओं के लिए कौशल विकास, तकनीकी प्रशिक्षण और स्वरोजगार योजनाओं का विस्तार किया जाएगा। महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुधार भी सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल हैं। समान नागरिक संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ महिला सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। स्वयं सहायता समूहों, लखपति दीदी योजना और महिला उद्यमिता को बढ़ावा देकर महिलाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन के तहत हिमालयी पारिस्थितिकी का संरक्षण, नदियों और जल स्रोतों का पुनर्जीवन, वनों की सुरक्षा और आपदा पूर्व चेतावनी प्रणालियों को सुदृढ़ किया जाएगा। सरकार का मानना है कि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रखना राज्य के दीर्घकालिक हित में है।






# 4 वर्षों के प्रेम संबंध का भूत निकाह के 2 महीने में उतरा

**पीड़िता ने ससुरालियों पर लगाया दहेज की खातिर मारपीट करने तथा घर से निकालने का आरोप**

किच्छा(उद संवाददाता)। चार वर्षों तक रहे प्रेम संबंध का भूत निकाह के मात्र 2 महीने बाद ही उतर गया। निकाह के 2 महीने बाद नवविवाहिता ने पति एवं ससुरालियों पर दहेज के लिए मारपीट करने एवं तलाक देने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। पीड़िता ने दहेज की मांग पूरी न होने पर पति द्वारा पीड़िता से आप्राकृतिक संबंध बनाने का भी आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 11, निकट नूरी मस्जिद, किच्छा निवासी आलिया पुत्री मोहम्मद शाहिद ने बताया कि विगत 4 वर्षों से उसका वार्ड नंबर 19, सिरौली कला, थाना पुलभट्टा निवासी मुस्तफा पुत्र रफत मियां से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसके बाद दोनों परिवारों की रजामंदी से 20 जून 2025 को मुस्लिम रीति रिवाज से दोनों ने निकाह कर लिया था। पीड़िता के अनुसार निकाह के एक महीने तक सब ठीक रहा। लेकिन उसके बाद पति मुस्तफा, सास रईस बानो, ससुर रफत मियां, देवर निजाम, भाभी फरहा बी ने दहेज कम लाने का ताना देकर 10 लाख रुपए नगद तथा कार की डिमांड कर पीड़िता के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता के अनुसार उसके द्वारा मायका पक्ष गरीब होने का हवाला देते हुए पैसे देने से इनकार किए जाने पर ससुरालियों ने घर से निकालने तथा तलाक देने तथा पति मुस्तफा का दूसरा निकाह करने की धमकी देने लगे। पीड़िता के अनुसार 23 अगस्त की सुबह करीब 8 बजे ससुरालियों ने पीड़िता के बाल पकड़कर कम दहेज के लिए मारपीट कर घर से निकाल दिया। बताया कि पीड़िता द्वारा थाना पुलिस को शिकायत देने पर महिला हेल्पलाइन में बिना शर्त ससुराल पक्ष उसे अपने साथ ससुराल ले गए और 11 दिसंबर 2025 की रात्रि ससुरालियों ने पीड़िता की मां के नाम पर प्लाट को अपने नाम करने तथा पैसे की मांग करते हुए पीड़िता के साथ बेरहमी से मारपीट की तथा देर रात को पति ने पीड़िता के साथ आप्राकृतिक संबंध बनाए ,जिसके चलते पीड़िता की हालत बिगड़ गई। पीड़िता के चीखने चिल्लाने पर तमाम लोग मौके पर जमा हो गए। पीड़िता के डायल 112 पर पुलिस बुलाने के बाद पति मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने दहेज लोभी ससुरालियों तथा पति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

# शहादत की 350वीं वर्षगांठ पर किच्छा में निकला भव्य नगर कीर्तन

## किच्छा से प्रारंभ हुआ नगर कीर्तन ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण के पश्चात गुरुद्वारा नानकपुरी टांडा में हुआ संपन्न



किच्छा(उद संवाददाता)। गुरु तेग बहादुर जी महाराज, भाई दयाला जी, भाई सती दास जी एवं भाई मतिदास जी की शहादत की 350 वीं वर्षगांठ के अवसर पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के तत्वाधान में विशाल नगर कीर्तन निकाला गया। नगर सहित आसपास के तमाम ग्रामीण क्षेत्रों में नगर कीर्तन का भव्य स्वागत किया गया। किच्छा से प्रारंभ हुआ नगर कीर्तन का विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण के पश्चात गुरुद्वारा श्री नानकपुरी टांडा साहिब पहुंचकर समापन हुआ। इससे पूर्व नगर के पुरानी गल्ला मंडी स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में विधायक तिलक राज बेहड़ ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर नगर कीर्तन को रवाना किया। पुरानी गल्ला मंडी से प्रारंभ हुआ नगर कीर्तन महाराणा प्रताप चौक, मुख्य बाजार होता हुआ दीनदयाल चौक पहुंचा। जहां विधायक बेहड़ की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रसाद वितरण कर नगर कीर्तन का जोरदार स्वागत किया। दीनदयाल चौक से विशाल नगर कीर्तन ग्राम लालपुर, तुलसी द्वार, मलसा, मलसी, चकोनी, कुरैया, दरऊ आदि ग्रामीण क्षेत्र से होता हुआ गुरुद्वारा नानकपुरी टांडा साहिब पहुंचा। जहां मुख्य सेवादार बाबा गुरजंट सिंह की अगुवाई में नगर कीर्तन का भव्य स्वागत किया गया। गुरुद्वारा परिसर में आयोजित धार्मिक दीवान में गुरु की महिमा का सुंदर बखान कर बलिदानियों को नमन किया गया। नगर कीर्तन के दौरान सजी विशाल पालकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। नगर कीर्तन में तमाम सुंदर-सुंदर झांकियां सजाई गई तथा दर्जनों की संख्या में ट्रैक्टर- ट्रॉली, ट्रक, कार- जीप सहित दो पहिया वाहनों पर सवार श्रद्धालुगण 'बोले सो निहाल- सत श्री अकाल' के उद्घोष करते नजर आए। दर्जनों स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा विशाल पंडाल लगाकर नगर कीर्तन का स्वागत करते हुए प्रसाद वितरण किया गया। पूरा वातावरण गुरु की भक्ति में डूबा नजर आया। नगर कीर्तन के पहुंचने पर नानकपुरी गुरुद्वारा परिसर में विशाल लंगर आयोजित किया गया। लंगर में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर कीर्तन का संचालन निर्मल सिंह हंसपाल एवं जगरूप सिंह गोल्डी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर गुरुद्वारा कमेटी प्रधान देवेंद्र सिंह मंड, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, महिला नेत्री सुनीता कश्यप, ओमप्रकाश दुआ, संदीप अरोड़ा, करमवीर सिंह रंधावा, गुरजस सिंह, दलजीत सिंह, डॉ गुलशन पाल, तेजपाल सिंह, रणजीत सिंह, परविंदर सिंह, दीप हंसपाल आदि रहे।



